प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 10.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा में आज भ्रश्टाचार के मुद्दे पर पक्ष–विपक्ष आमने सामने, बाबूलाल का आरोप, राज्य में अफसरशाही हावी, वित्त मंत्री ने मंत्रणा समिति में भी मुद्दों को उठाने की दी सलाह।**

2. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं, चाईबासा में उत्कृष्ट सेवा के लिए जवानों को मिला सम्मान।**

3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज से दो दिवसीय असम दौरे पर, झारखंडी मूल के आदिवासियों से करेंगे संवाद।**

4. **मैट्रिक–इंटर कॉपियों का मूल्यांकन आज से, जैक ने 70 केंद्रों पर 15 हजार परीक्षक किए तैनात, सीसीटीवी निगरानी में होगी कॉपियों की जांच।**

5. **जमशेदपुर के अनंत राणा बने 'फुल आयरनमैन', न्यूजीलैंड में 11 घंटे 50 मिनट में पूरी की कठिन ट्राइथलॉन, तैराकी और साइक्लिंग में भी मिली उपलब्धि।**

****

झारखंड विधानसभा की कार्यवाही के दसवें दिन आज विपक्ष ने राज्य में अफसरशाही और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को कुछ अधिकारी चला रहे हैं।

इसका जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में भी मुद्दों को उठा सकती है, ताकि बेहतर समन्वय और समाधान हो सके।

बता दें कि बजट सत्र अब 19 मार्च के बदले 18 मार्च को समाप्त हो जाएगा। साथ ही आनेवाले शनिवार को भी विधानसभा चलेगी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आज केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर सभी कर्मियों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीआईएसएफ देश भर में बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता देश की सुरक्षा और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

****

पश्चिमी सिंहभूम के गुवा में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की गुवा और मेघाहातुबुरु इकाई में 57वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा देने वाले अधिकारियों और कर्मियों को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

****

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत का रचनात्मक अर्थव्यवस्था क्षेत्र विश्व के लिए देश की संस्कृति, खाद्य और सीधे स्थानीय विक्रेताओं या आस–पास के उत्पादकों से मिलने वाली ताज़ा वस्तुओं का प्रदर्शन कर रहा है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दो दिवसीय दौरे पर असम जाएंगे। इस दौरान वे चाय बागान बहुल तेजपुर और आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री विभिन्न सभाओं और कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सीएम हेमंत सोरेन असम में रह रहे झारखंडी मूल के आदिवासियों से संवाद करेंगे और उनके हितों और समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

****

झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य आज से शुरू कर दिया है। राज्यभर के 70 केंद्रों पर करीब 7 लाख 50 हजार परीक्षार्थियों की लगभग 45 लाख उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की जाएगी। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी और चौबीसों घंटे सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।

****

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एनसीईआरटी ने कक्षा 8 (भाग–चार) की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक एक्सप्लोरिंग सोसाइटी इंडिया एंड बियॉन्ड को वापस ले लिया है, जिसमें हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक का अध्याय चार शामिल था। आज सुबह माफी मांगते हुए एनसीईआरटी ने कहा कि पूरी पुस्तक वापस ले ली गई है ।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने बताया कि झारखंड के परमवीर चक्र से सम्मानित वीर सैनिक अल्बर्ट एक्का के जीवन पर आधारित फिल्म "जारी गांव" का निर्माण किया जा रहा है। फिल्म की टीम ने उनसे मुलाकात कर इसकी जानकारी दी। फिल्म में 1971 के भारत–पाक युद्ध के दौरान गंगासागर युद्ध में लांस नायक अल्बर्ट एक्का के अदम्य साहस और वीरता को दर्शाया जाएगा।

****

झारखंड का सबसे विकसित शहर बनकर उभर रहा देवघर अब और विकसित होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग की परियोजना, देवघर बाइपास का काम शुरू हो गया है। यह 49 किमी लंबा है जो देवघर एयरपोर्ट के निकट कर्णकोल से शुरू होकर शहर के बाहरी भाग से गुजरकर हिंडोलावरण में मिलेगा। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

आज सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगभग शून्य दशमलव 9 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 678 अंक बढ़कर अठहतर हजार दो सौ चौवालीस पर और निफ्टी 225 अंक बढ़कर 24 हजार दो सौ तिरपन पर पहुंच गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 48 हजार 2 सौ 10 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 76 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

जमशेदपुर के सोनारी निवासी अनंत राणा ने न्यूजीलैंड के ताउपो में आयोजित 'फुल आयरनमैन न्यूजीलैंड' में तीन से आठ मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह खिताब हासिल किया है। उन्होंने 3 किलोमीटर 800 मीटर तैराकी, 180 किलोमीटर साइकिलिंग और 42 किलोमीटर मैराथन दौड़ को कुल 11 घंटे 50 मिनट में पूरा कर यह उपलब्धि हासिल की, जबकि प्रतियोगिता की समय सीमा 17 घंटे निर्धारित थी।

*******समाप्त*************